राजनीति विज्ञान विभाग

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (छ.ग.), सत्र 2022-23

“डेवलपमेंट सेक्टर में करियर की संभावनाएं और विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग से उत्पन्न अवसर” विषय पर व्याख्यान आयोजित

राजनीति विज्ञान विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (छ.ग.), में 27 जुलाई, 2023 को डेवलपमेंट सेक्टर में विद्यार्थी अपना करियर कैसे बनाए” विषय पर छात्रों एवं संकाय सदस्यों के बीच व्याख्यान सेशन का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा की अध्यक्षता संकाय प्रमुख प्रोफसर प्रवीण मिश्रा ने किया।

इस कार्यक्रम की शुरुआत राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्षा प्रोफेसर अनुपमा सक्सेना ने मुख्य अथिति के रूप में आमंत्रित विश्व बैंक के समावेशन सलाहकार श्री समीर घोष का गुलदस्ता एवं शाल भेंटकर सम्मानित करके किया।

इस परिचर्चा में अपने विचार रखते हुए श्री घोष ने कहा कि भारत के युवाओं के लिए डेवलपमेंट सेक्टर में करियर की अनंत संभावनाएं हैं। युवाओं को इस दिशा में करियर तलाश करनी चाहिए। उन्होंने भारत के शिक्षा व्यवस्था में विद्यमान विभिन्न समस्याओं पर अपने विचार साझा किए और उनके समाधान भी बताएं।

उन्होंने एक छात्र के शोध गुणवत्ता पर आधारित प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि भारत के विश्वविद्यालयों के बीच शिक्षकों और छात्रों का एक निश्चित समय के लिए स्थानांतरण कार्यक्रम चलाया जाना चाहिए। इससे काफी हद तक शोध गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता हैं।

श्री घोष ने निपुण भारत मिशन, मानव विकास सूचकांक, आय असमानता, भारत में कुशल श्रमिकोण की आवश्यकता, लोक स्वास्थ्य जैसे विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक आचार्य डॉ सांत्वना पांडेय ने किया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ रामबाबू, डॉ अमित कुमार गुप्ता, अमित भगत, राजेश रमन एवं डॉ श्रद्धा गर्ग उपस्थित रहे।

विभागाध्यक्ष
HEAD
राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग
Department of Political Science
and Public Administration
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
BILASPUR (C.G.)

Signature & Seal of HoD